
## खबर संक्षेप

### शारदा कॉलोनी से दो बालिकाएं लापता, पुलिस जांच में जुटी



**सतना।** मारुति नगर की शारदा कॉलोनी से कल दोपहर से दो बालिकाओं के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी तलाश करने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बालिकाओं की तलाश शुरू कर दी है।

### खरमसेड़ा में थ्रेसर हादसाः एक और किसान का हाथ मशीन में फंसा



**सतना।** ग्राम खरमसेड़ा के बड़ा टोला में फसल की गहाई करते समय एक और किसान हादसे का शिकार हो गया। किसान बृजेन्द्र पटेल का हाथ काम करते वक्त थ्रेसर में फंस गया। गंभीर रूप से घायल किसान को परिजनों ने सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया,जहाँ से बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया है।

### थ्रेसर की चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से घायल



**सतना।** ग्राम छईरहा में सरसों की फसल की गहाई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। किसान श्याम लाल पटेल का हाथ थ्रेसर मशीन में फंस गया,जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया है।

### रजनीश मैहर जिला आरटीआई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोनीत



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबत करने की दशा में एक कदम बढ़ाते हुए मैहर जिले के लिए सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पर रजनीश शर्मा की नियुक्ति की है। इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस मै के जिलाध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी बल्कि आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और उनके हक की लडाई को और सशक्त बनाएगा। इस नियुक्ति पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

### आवासीय क्षेत्र में शराब दुकान का विरोध, एसडीएम ने दिया आश्वासन

**सतना।** हनुमाननगर नई बस्ती (जेल रोड) के वार्ड क्रमांक 14,15,16,17 और 18 के निवासियों ने शनिवार सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध वार्ड नं.18 में खोली जा रही एक नई लाइसेंसी शराब दुकान के खिलाफ था। निवासियों और वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा सिंह ने एसडीएम रघुराज नगर, राहुल सिलाड़िया को बताया कि दुकान एक आवासीय क्षेत्र में सरकारी जमीन पर टिन शेड डालकर बनाई जा रही है। प्रस्तावित दुकान के पास ही शंकर जी का मंदिर (पीपल के पेड़ के नीचे), दुर्गा मंदिर और एक प्राइवेट स्कूल स्थित है। स्थानीय लोगों का मानना है कि दुकान खुलने से क्षेत्र में झगड़े-फसाद बढ़ेंगे,बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा और किसी बड़ी वारदात की संभावना बनी रहेगी।



# अमरपाटन में युवक की गला रेतकर नृशंस हत्या, शिनाख्त मिटाने का प्रयास

**सतना। मैहर जिले के अमरपाटन थाना अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया के पीछे मैदान में शनिवार सुबह एक युवक की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राजभान कोल उर्फ गोलू कोल 23 वर्ष,निवासी जगन्नाथ मोहुरिया लालन के रूप में हुई है।हमलावरों ने युवक का गला किसी धारदार हथियार से रेत दिया था। पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसके चेहरे को पत्थर से कुचलने का प्रयास भी किया गया।**

### लापता होने की कहानी

परिजनों के अनुसार,शुक्रवार शाम करीब 7 बजे राजभान बाइक से घर लौटा था,लेकिन फिर किसी का फोन आने पर वह बिना बताए घर से निकल गया। देर रात तक वापस न आने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। हालांकि,फिलहाल किसी संदिग्ध का सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है,पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।



# भदनपुर के अस्पताल भवन के निर्माण में की जा रही मनमानी



### स्थानीय जनता ने निर्माण कार्य की जांच की मांग की है

**मैहर।** मैहर जिले के भदनपुर पहाड़ दक्षिण पट्टी स्थित कैमोर मोड़ पर बन रहे सरकारी अस्पताल के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं की तस्वीरें सामने आई हैं। मौके से मिली तस्वीरें साफ बता रही हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की खुलकर अनदेखी की जा रही है। निर्माणाधीन भवन की दीवारों में जगह-जगह गड्ढे,कमजोर प्लास्टर और अधूरी फिनिशिंग दिखाई दे रही है। कई जगह सरिया खुला पड़ा है,जो सीधे तौर पर निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। भवन के चारों ओर न तो सुरक्षा घेरा है और न ही चेतावनी बोर्ड। खुले में पड़ी सरिया और मलबा किसी भी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। अस्पताल के अंदर अधूरी ईंट की दीवारें,बिखरा मलबा और बिना प्लानिग के निर्माण कार्य दिखाई दे रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि काम कितनी लापरवाही से किया जा रहा है। मैहर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नए अस्पतालों की योजना लंबे समय से चल रही है। सरकार द्वारा 300 बिस्तरों तक के अस्पताल विकसित करने की योजना भी बनाई गई है ताकि इस क्षेत्र की जनता को बेहतर इलाज मिल सके लेकिन भदनपुर में बन रहे सरकारी अस्पताल का यह निर्माण कार्य अगर इसी तरह चलता रहा,तो यह अस्पताल सुविधा देने के बजाय खतरा बन सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी पैसा खर्च हो रहा है,लेकिन काम में गुणवत्ता नहीं दिख रही। अगर समय रहते जांच नहीं हुई तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।इस घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए,दोषियों पर कार्रवाई हो,अस्पताल को मानकों के अनुसार तैयार कराया जाए। भदनपुर का यह अस्पताल,जो क्षेत्र के लोगों के लिए उम्मीद की किरण बन सकता था,फिलहाल खुद सवालों के घेरे में है। अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ,तो यह इलाज का केंद्र बनने से पहले ही खतरे का ढांचा साबित हो सकता हैं।

# जिले के सभी विकासखंड और नगरीय क्षेत्र में 30 जून तक के लिये जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**सतना।** वर्षाकाल में जिले में सामान्य औसत वर्षा से कम वर्षा होने तथा सिंचाई इत्यादि कार्यों में भू-गर्भीय जल का अत्यधिक दोहन होने के कारण जिले के समस्त विकासखण्ड एवं नगरीय और शहरी क्षेत्रों के नलकूपों एवं अन्य जल स्त्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। जिससे पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। जिले में पेयजल संकट की स्थिति पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों के तहत जनहित में सतना (राजस्व) जिले के समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय,शहरी क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से 5 अप्रैल से 30 जून 2026 तक की अवधि के लिये "जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। इस अवधि में निजी नलकूप के खनन को पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के "जल अभावग्रस्त क्षेत्र में किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रयोजनों के लिये नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नही करेगा। जिले के समस्त नदी,नालों,स्टापडैम,सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग घरेलू प्रयोजन के लिये किया जायेगा। "जल अभावग्रस्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप का निर्माण नही करेगा। यह आदेश शासकीय नलकूप खनन पर लागू नही होगा। इसी प्रकार जिन व्यक्तियों को अपनी निजी भूमि पर नलकूप खनन कार्य कराना है,उन्हें ऐसा करने के लिये निर्धारित प्रारूप में निर्धारित शुल्क के साथ संबंधित अनुविभागीय (राजस्व) को आवेदन करना होगा। इस कार्य के लिये समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सक्षम अधिकारी प्राधिकृत किया गया है।

## अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार महिला-पुरुष घायल

**सतना।** राष्ट्रीय राजमार्ग - 30 पर ग्राम पंचायत पडहा के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक पर सवार एक युवक और एक महिला घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुँचाया गया।



# बच्चे कल का भविष्य,बच्चों को अच्छी शिक्षा देना हमारा फर्ज : श्रीकांत





### 'स्कूल चलें हम' अभियान के भविष्य से भेंट कार्यक्रम

**मैहर।** विद्यार्थी का जीवन अनुशासन,मेहनत,और समय प्रबंधन से परिपूर्ण रहना चाहिए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शिक्षा के प्रति बहुत संवेदनशील हैं,स्कूल जाने वाले प्रत्येक बच्चे को शिक्षित कर उनके बेहतर जीवन के लिए हर संभव सरकार प्रयास कर रही है। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने आज स्थानीय शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर सभी अतिथियों ने पूजन अर्चन किया। बच्चों के द्वारा मां सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति की। इस अवसर पर विधायक श्री चतुर्वेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कल का भविष्य है,बच्चों को अच्छी शिक्षा देना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। सरकार बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार अनेकों कार्य कर रही है। इसमें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें,गणेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृतियां, निःशुल्क साइकिल वितरण,लैपटॉप एवं स्कूटी वितरण जैसी कल्याणकारी योजना शामिल है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की पुलिस उप निरीक्षक सुश्री रेनू सिंह ने भी बच्चों से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के संबंध में चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। शासकीय सांदीपनि उच्चतर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि हम सभी मिलकर हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लें और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें।

# उर्वरक वितरण में अनियमितता पर दो विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**सतना।** किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता,समयबद्धता एवं सुगमता प्राप्त करने हेतु जिले में ई-विकास प्रणाली एवं कृषि आपूर्ति समाधान प्रणाली लागू की गई है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में 1 अप्रैल 2026 से जिले में उर्वरकों का वितरण पूर्णतः ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए सभी उर्वरक कंपनियों,थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को पूर्व में ही पत्र और बैठकों के माध्यम से निर्देशित किया गया था।

इसके बावजूद 4 अप्रैल 2026 को आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मे.मोतीलाल सिंह ग्राम बेला विकासखण्ड रामपुर बाघेलान एवं मे.राधे-राधे ट्रेडर्स वृंदावन चौराहा कोठी विकासखण्ड सोहावल द्वारा ई-विकास प्रणाली के बाहर उर्वरकों का विक्रय किया गया। इसे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन मानते हुए उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय द्वारा दोनों संस्थाओं के उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित विक्रेताओं के लिए उर्वरकों का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरकों का विक्रय करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि कम से कम एक बोरी उर्वरक की बिक्री का ही प्रावधान है, खुली बोरी से विक्रय न किया जाए। किसानों से भी अपील की गई है कि वे ई-विकास प्रणाली के माध्यम से टोकन बुक कर ही उर्वरक क्रय करें,जिससे पारदर्शी और सुगम वितरण सुनिश्चित हो सके।

### राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।



# तिलौरा ग्राम पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार, जांच के अभाव में हौसले बुलंद

**मैहर।** मध्यप्रदेश के मैहर जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलौरा में भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच सूरज कोल और सचिव ने जनपद पंचायत के अधिकारियों की मिलीभगत से महज 9-10 महीनों के भीतर विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबांट किया है। ताजा मामला 16 मार्च 2026 का है,जहाँ तालाब घाट निर्माण के नाम पर 5,19,900 रुपए के फर्जी बिलों का भुगतान किया गया। इसमें 'सतना ट्रेडर्स' को 3,09,900 रुपए और 'निखिल उरमलिया' के नाम पर 2,10,000 रुपए की राशि बिना किसी वास्तविक कार्य के निकाली गई। सूत्रों के अनुसार, पंचायत द्वारा कई धुंधले और फर्जी बिल पोर्टल पर बिना डाटा एंट्री के ही पास करा लिए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच,जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम का दुरुपयोग कर जनता को धमकाता है और अधिकारियों से साठगांठ का दावा करता है। पूर्व में हुई जांचों के बाद भी दोषियों से अब तक कोई रिकवरी नहीं की गई है,जिससे प्रशासनिक तंत्र पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।अब ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह से उच्च स्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# स्थापना दिवस पर नवीन भाजपा जिला मैहर कार्यालय का भूमि पूजन 6 को

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मैहर का नवीन जिला कार्यालय का भूमि पूजन स्थापना दिवस 6 अप्रैल 26 को हरनामपुर मैहर में आई टी आई के पास कृषि उपज मंडी के पीछे हरनामपुर मैहर में सोमवार सुबह 11 बजे किया जाएग। भारतीय जनता पार्टी स्थापना के दिवस 6 अप्रैल के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय के भूमि पूजन के मुख्यातिथि डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन रहेंगे जब कि अध्यक्षता हेमंत खंडेलवाल प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती राधा सिंह प्रभारी मंत्री जिला मैहर मध्यप्रदेश शासन,विजय दुबे संभागीय प्रभारी (संगठन), गणेश सिंह सांसद सतना,अखिलेश जैन प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा,राम खेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना मैहर,कमलेश सुहाने जिलाध्यक्ष भाजपा जिला मैहर,श्रीमति नंदिता पाठक जिला प्रभारी (संगठन),श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक मैहर आदि की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी का नवीन जिला कार्यालय का भूमि पूजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

## खबर संक्षेप

### महेबा क्रेसर के पास चलती बाइक से गिरी महिला गंभीर घायल



अमानगंज। अमानगंज क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। महेबा क्रेसर के पास बने ब्रेकर के कारण चलती मोटर साइकिल से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मानकुवर पति श्याम सुंदर यादव (उम्र 40 वर्ष), निवासी अमानगंज, मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रही थीं। जैसे ही वाहन महेबा क्रेसर के पास पहुंचा, अचानक आए ऊंचे ब्रेकर के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में महिला को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अमानगंज डायल 112 स्टाफ, प्रधान आरक्षक जानकी एवं पायलट कैलाश मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर कर दिया। यह घटना शनिवार की दोपहर 11:00 से 12:00 के बीच की बताई जा रही है।

### प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को मिला संगठन और विकास का मंत्र दिया बृजेंद्र प्रताप सिंह ने



अजयगढ़। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (2026) भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक व्यापक सांगठनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधाराकृएकात्म मानववाद और अंत्योदयकृसे जोड़ते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को अनुशासित कार्यशैली, डिजिटल कौशल और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे आमजन तक इनका लाभ प्रभावी रूप से पहुँचा सकें।इसी क्रम में अजयगढ़ मंडल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने और संगठन को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा मध्यप्रदेश सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है, जिसमें अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य है। इसी सोच के तहत अजयगढ़ क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य कराए गए हैं। अपने संबोधन के अंत में बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अजयगढ़ क्षेत्र में विकास की गति लगातार जारी रहेगी और हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### गुनौर में गैस के लिए हाहाकार



गुनौर। एक तरफ शासन और प्रशासन जिले में पर्याप्त एलपीजी (स्च्ळ) सिलेंडर होने के बड़े-बड़े दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ विधानसभा मुख्यालय गुनौर की सड़कों पर लगी ये लंबी कतारें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं। यहाँ श्उज्ज्वलाश् के दौर में भी आम आदमी एक सिलेंडर के लिए दिन-भर मशक्कत करने को मजबूर है। **लाइन में बीत रहा दिन, फिर भी हाथ खाली-** गुनौर में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत अपने चरम पर है। जैसे ही गैस की गाड़ी पहुँचने की सूचना मिलती है, लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है। चिलचिलाती धूप और लंबी लाइनों में घंटों खड़े रहने के बाद भी नसीब का खेल ऐसा है कि कुछ को सिलेंडर मिल जाता है, तो कई बुजुर्गों और महिलाओं को मायूस होकर खाली हाथ घर लौटना पड़ता है। प्रशासनिक दावों पर जनता का सीधा सवाल स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन कागजों पर सब ठीक है का राग अलाप रहा है, लेकिन हकीकत में वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जनता पूछ रही है - अगर जिले में पर्याप्त स्टॉक है, तो सप्लाई चेन में यह रुकावट क्यों? ' क्यों आम आदमी को अपना काम-धंधा छोड़कर दिन-भर सड़कों पर खड़ा होना पड़ रहा है? ' क्या इस अव्यवस्था पर अधिकारियों की नजर नहीं है या इसे जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है? आम जन त्रस्त, जिम्मेदार मौन - गैस न मिलने के कारण कई घरों के चूल्हे ठंडे पड़ने की नौबत आ गई है। लोगों में इस अव्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश है।

# पी.एम. श्री हाईस्कूल कुंजवन में प्रवेश उत्सव में एसडीएम व तहसीलदार छात्र-छात्राओं को पढ़ाया वहीं शिक्षा का स्तर पर जाना

### छात्रा ने एस.डी.एम. से उनके कार्यों के बारे में जानने को लेकर किया सवाल

स्कूल चले अभियान चले अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत पी.एम. श्री हाईस्कूल कुंजवन में एस.डी.एम. व तहसीलदार ने छात्र-छात्राओं को षिक्षा का स्तर जानते हुए स्वयं पढ़ाया वहीं छात्रा ने एस.डी.एम. से किया सवाल सर आपका क्या है कार्य। एसडीएम ने अपनी कार्यप्रणाली को बाखूबी छात्र-छात्राओ ंको किया बयां।




पन्ना।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जहां स्कूल चलों अभियान के अंतर्गत प्रवेष उत्सव कार्यक्रम को लेकर जहां 4 अप्रैल में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत पी.एम. श्री हाईस्कूल कुंजवन में एस.डी.एम. पन्ना सतीष नागवंषी तथा तहसीलदार अखिलेष प्रजापति ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से षिक्षा का स्तर जानते हुए स्वयं पढ़ाया भी। विद्यालय की होनहार छात्रा छवि यादव ने अपने शुविचार भी अपने अंदाज में साझा किये। वहीं हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के कक्षावार परिणाम प्रतिषत को भी एस.डी.एम. पन्ना ने बाखूबी जाना। साथ ही छात्र-छात्राओं को निःसंकोच होकर रखने के लिए प्रेरित किया वहीं षिक्षकों को भी दिषा दी। जिस क्षेत्र में छात्र हो या छात्रा अब्बल जाना जाये इन्हें उसी दिषा में प्रेरित किया जाये। वहीं छात्र-छात्राओं को इस दौरान जहां एसडीएम व तहसीलदार दोनों अधिकारियों ने षिक्षा से भविष्य किस तरह से तय होता है वहीं कितने घंटे आप पढ़ाई करते है तथा खेलो ंपर भी जोर दिया। अगर आप पांच घंटे पढ़ाई करते है तो खेल भी खेले। मन में बोझ न हो खेल तरूण ताजा रखते है तथा व्यवसनों से दूर रखते है ये विचार एसडीएम पन्ना ने छात्र-छात्रओं को बयां किये। वहीं तहसीलदार पन्ना अखिलेष प्रजापति ने जो स्वयं सिविल इंजीनिरिंग की डिग्री के बाद जहां आज तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं जिन्होंने बाखूबी छात्र-छात्राओं को ब्लैक बोर्ड में त्रिभुज प्रमेय के आधार व लम्ब को लेकर पढ़ाया वहीं छात्र-छात्राओं के षिक्षा का स्तर भी जाना। इसी दौरान विद्यालय की एक छात्रा ने एसडीएम पन्ना से सवाल किया कि सर आप कार्य क्या करते है तभी एसडीएम पन्ना सतीष नागवंषी ने बाखूबी जहां छात्रा का सवाल सुनकर ही अपने अंदाज में समझाईस देते हुए अपनी कर्तव्यों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। जमीन का रिकार्ड तथा भवनों का रिकार्ड सभी दस्तावेज को लेकर हमारा कार्यालय एसडीएम कार्यालय कहलाता है वहीं कई तरह के कार्यों के बारे में जो जिम्मेदारी जिले में आपके पद को लेकर शासन के द्वारा तय की गई है उसके बारे में बाखूबी बयां किया। इस तरह से पी.एम. श्री हाईस्कूल कुंजवन में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओ को प्रेरणादायी षिक्षा एसडीएम व तहसीलदार के द्वारा प्रदान की गई। वहीं इसी दौरान सर्वषिक्षा अभियान के जिला षिक्षा केन्द्र से जिला समन्वयक डीपीसी अजय कुमार गुप्ता ने भी जहां विद्यालय व षिक्षा में किस तरह से राज्य सरकार के द्वारा जिम्मेदारी षिक्षा को लेकर सतत विकास की दिषा जो तय की जा रही है बाखूबी छात्र-छात्राओं को बताया। इस तरह से जहां 4 अप्रैल 2026 शैक्षणिक सत्र 2026-27 का दिन जो शासन स्तर से प्रवेष उत्सव कार्यक्रम के तहत भविष्य की भेंट को ध्यान में रखते हुए पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन के छात्र-छात्राओं को षिक्षा प्रदान करने के लिए भविष्य से भेंट के तहत बाखूबी प्रेरणादायी षिक्षा प्रदान की गई। इस दौरान जहां पीएम श्री हाईस्कूल के प्राचार्य रजा खान सहित समस्त स्टॉप व सीएसी द्रव तथा डाईट पन्ना से भानू खरे जी वहीं माली सर की उपस्थिति भी रही। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के साथ जहां समस्त स्टॉप का हौंसला अफजाई करते हुए साथ में छायाचित्र भी लिया गया। वहीं सभी छात्र-छात्राओं को षिक्षा सत्र आरंभ को लेकर खुषियों के साथ उत्साह बनाये रखते हुए षिक्षा ग्रहण करें अपने जीवन को षिक्षा के माध्यम से विकास की दिषा की ओर भविष्य संवारे। इस तरह से प्रवेष उत्सव कार्यक्रम भविष्य से भेंट बाखूबी पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन में हुआ सम्पन्न।



### मजदूरी करने गए पति-पत्नी कार्य करते वक्त पति को लगा करंट मजदूर की मौत तीन बच्चियों के सर से उठा पिता का साया

### लोहे का पाइप उठा रहे मजदूर को लगा करंट, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**अमानगंज।** नगर में शनिवार की दोपहर 12:00 बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मजदूरी करने गए एक युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जिससे उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पेंद्र पिता बिरजू कोरी (उम्र 34 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 14 अमानगंज, अपनी पत्नी के साथ नगर के वार्ड नंबर 14 में असाटी परिवार के मकान निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान जैसे ही उन्होंने लोहे का पाइप उठाया, वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से टकरा गया और पाइप में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आते ही पुष्पेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे तीन छोटी-छोटी बेटियां छोड़ गया है, जिनकी उम्र 2 वर्ष, 7 वर्ष और 10 वर्ष बताई जा रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी और पति-पत्नी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ति परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता और सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि मासूम बच्चियों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# तेज रफ्तार ट्राला बना काल, ट्राला की जोरदार टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

पन्ना।

जे.के. सीमेन्ट कम्पनी में सीमेंट मटेरियल ले जाने वाले ट्राला से घटना घटित होना मृतक के फरियादी ने सोषल मीडिया में बयां की दास्ता, ट्राला की ठोकर से मौत होना बताया वहीं दो-चार दिन में इस सड़क में हादसे होते रहने का भी आरोप लगाया गया, कब रूकेगें असमायिक मौतों के हादसे, आम आदमी की जीना सड़क में ही कब खत्म हो जाता है आखिर ये ट्रालों की गति का निर्धारण कब और कौन करेगा।






अमानगंज रोड स्थित पिपरवाह पेट्रोल टंकी के पास एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मृतक की पहचान जसवन्तपुरा निवासी 62 वर्षीय संतु पाल पिता बाबूलाल पाल के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतु पाल पिपरवाह से अपने घर लौट रहे थे। तभी पेट्रोल टंकी के पास अमानगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राला ने सामने से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि स्थानीय लोगों ने पीछा कर द्वारी क्षेत्र में ट्रक और चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पूरा घटनाक्रम शनिवार की सुबह 10:00 से 11:00 के बीच का बताया जा रहा है। गौरतलब बात यह है कि जहां इस सडक में आये दिन हादसे जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के बेलगाम ट्रक जो सीमेन्ट या उनका मटेरियल परिवहन करते है तेज रफतार से जो हादसों को जन्म देने को लेकर कई बार सुर्खियो में आते है। सीमेन्ट या मटेरियल परिवहन करने के लिए जो ट्रक या ट्राले कम्पनी में लगे हुए है बतौर अपने व्यवसाय को लेकर पर यहां तो असमायिक सड़क हादसों में आम आदमी की जान जाने जो जा रही है इसका जिम्मेदार कौन है। आखिरकार कब इन लापरवाह चालकों की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए ट्रकों व ट्रालों की गति सीमा का निर्धारण किया जायेगा तथा उसका पालन भी कराना लाजमी है। निष्चिौर पर जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के द्वारा जहां जिले में विकास की दिषा में भूमिका निभाई जाती है उद्योगो ंसे विकास होता है पर इन हादसों को ध्यान में रखकर बेलाम गति इन ट्रालों को रोकने को लेकर भी आवष्यक माना जा रहा है। ताकि असमायिक मौते जो सड़क हादसों को लेकर इन बेलाम ट्रकों से होती है इन पर विराम लग सके। इस संबंध में थाना प्रभारी अमानगंज से बात की गई तो पता चला कि जिस ट्राला से घटना घटित हुई है वह जे.के सीमेन्ट कम्पनी के मटेरियल परिवहन करने वाला बताया गया है। वहीं ट्रक चालक भी पुलिस के कब्जे में बताया गया है।

### अमानगंज के गांधी चौक पर दर्दनाक हादसा

# तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक सवारों को कुचला

### संकीर्ण चौराहा बना खतरा, स्कूली बच्चों पर मंडरा रहा जोखिम

अमानगंज।

नगर के सबसे व्यस्त गांधी चौक पर शनिवार को सुबह लगभग 10 से 11रू00 के बीच तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दो बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक सड़क किनारे बाइक पर खड़े थे, तभी अचानक तेज गति से आए ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संजू आदिवासी (32 वर्ष), पिता छंगा आदिवासी, निवासी वार्ड नंबर 3 अमानगंज तथा गौरव नामदेव (32 वर्ष), पिता मनोज नामदेव, निवासी रीवा के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद संजू आदिवासी की हालत गंभीर होने पर उसे कटनी रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे घायल का इलाज जारी है। गौरतलब है कि गांधी चौक नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा माना जाता है। यहां से प्रतिदिन लगभग 3000 बच्चे आवागमन करते हैं, वहीं ठीक बगल में स्थित कन्याशाला विद्यालय की करीब 2000 छात्राएं भी इसी मार्ग से गुजरती हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चौराहा अत्यंत संकीर्ण है और अतिक्रमण के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। आए दिन जाम और हादसे होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्था सुधारने एवं सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

# पीएम श्री कन्या उच्च माध्य विद्यालय पवई में संपन्न हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम

### उपस्थित अतिथि के द्वारा छात्राओं को दिया गया उद्बोधन

पवई।

मध्य प्रदेश में एक अप्रैल से चार अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित होने वाले भविष्य से भेंट एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस पहल का उद्देश्य शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रेरित करना है, जिसके तहत अधिकारी और प्रबुद्ध जन स्कूल में पहुंचकर बच्चों से संवाद करते हैं और अपने अनुभव समझा करते हैं और उन्हें कैरियर निर्माण का मार्गदर्शन देते हैं। इसी के तहत शनिवार को पवई नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नायब तहसीलदार महेंद्र द्विवेदी के द्वारा छात्राओं को प्रेरणादाई उद्बोधन देते हुए अपने विचार साझा किए तथा छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अजित कुमार बड़ोलिया पार्षद वार्ड क्रमांक 13 रहे। कार्यक्रम उपरांत प्राचार्य आरसी गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरिशंकर खटीक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ठाकुरदास गर्ग, रामकृपाल कोरी , सी पी पांडे,श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीति चौरसिया,श्रीमती नीतू सैनी सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित छात्राएं उपस्थित रही।







# भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर पहुंचीं स्कूल

### निभाई प्रेरक की भूमिका, बच्चों से संवाद कर मध्यान्ह भोजन का चखा स्वाद

### कलेक्टर की संवेदनषीलता छात्र-छात्राओं को स्वयं जहां विस्केट प्रदान करते हुए नजर आई तस्वीर

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार चार दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम एवं स्कूल चलें हम अभियान की गतिविधियों के तहत शनिवार को सरकारी विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम की गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ऊषा परमार ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी के साथ विभिन्न स्कूलों का भ्रमण कर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। साथ ही उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व बताया और प्रेरणास्पद बातों का जिक्र भी किया। अधिकारीद्वय द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला मनकी एवं प्राथमिक शाला बिल्खुरा पहुंचकर विद्यालय के शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं नियमित रूप से समय पर स्कूल खोलने व संचालन के निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने बच्चों के साथ सामूहिक मध्यान्ह भोजन भी किया और बच्चों को बिस्किट वितरित किए। स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पढ़ाई से संबंधित जानकारी साझा की तथा गिनती, पहाड़ा, कहानी और कविताएं भी सुनाईं। इस दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों से शिक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त कर एवं शासन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रदान कर सभी विद्यार्थियों से इसका लाभ उठाने के लिए कहा गया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने पर जोर दिया गया तथा अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने एवं पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की गई। स्कूल के शिक्षकों द्वारा भी शाला में नामांकन सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया गया। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि सरल एवं रोचक तरीके से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें, जिससे उनकी पढ़ाई में रूचि बढ़े। निरीक्षण के दौरान शाला में नामांकित विद्यार्थियों के जन्म एवं जाति प्रमाण पत्र सहित आधार व अपार आईडी विषयक एवं गत कक्षा के परीक्षा परिणाम व परिवार के सदस्यों संबंधी सामान्य जानकारी भी ली गई। जिला कलेक्टर ने ग्राम के आंगनबाड़ी केन्द्र एवं अन्य शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

### लोहारगांव, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार उपाध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि

गुनौर।



विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा प्रदान करने और उन्हें करियर के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुहरगांव में श्भविष्य से भेंटश् कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि का प्रेरक उद्बोधन, इस विशेष अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के उपाध्यक्ष श्री रामप्रसाद सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री सेन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र सशक्त माध्यम है, जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हुए अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का मूलमंत्र दिया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं और 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न व्यावसायिक एवं शैक्षणिक अवसरों की जानकारी दी गई।छात्रों ने मुख्य अतिथि से मानवाधिकारों और वैश्विक करियर संभावनाओं पर प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने बड़ी ही सहजता से उत्तर दिया। नैतिक मूल्यों पर जोररू कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षको ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य महोदय ने बताया कि श्भविष्य से भेंटश् कार्यक्रम शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सही मंच और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ, प्रबंध शिव प्रसाद त्रिपाठी कृष्ण कुमार शर्मा वीरेंद्र कुमार पटेल राजेंद्र कुमार वाडिया दयाशंकर त्रिपाठी अरविंद पटेल भारत कुमार त्रिपाठी समिति के सदस्य, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गोविंद सिंह राजपूत और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साइकिल चलाते समय कुएं में गिरा 10 वर्षीय बालक, मौके पर ही मौत

छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंदूरखी में साइकिल चलाते समय एक 10 वर्षीय बालक कुएं में गिर गया। इस दुर्घटना में बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भूरा यादव के पुत्र गजराज यादव के रूप में हुई है।घटना के अनुसार गजराज यादव अपने गांव में साइकिल चला रहा था। इसी दौरान खेत में स्थित एक खुले कुएं में वह अनजाने में गिर गया। परिजनों ने तुरंत बालक को कुएं से बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में मृतक बालक का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों में शोक की लहर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीनियर महिला क्रिकेट टीम का चयन आज

छतरपुर। जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर महिला क्रिकेट टीम का चयन 5 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से साईं स्पोर्ट्स अकैडमी क्रिकेट मैदान पर किया जाएगा एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं पिछले लगातार तीन वर्षों की अंकसूची के ओरिजिनल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे सभी खिलाड़ी सफेद ड्रेस में अपनी किट के साथ समय पर उपस्थित हो।

### हिंडालको–महान में नई कमानः लिनु पंचमन के नेतृत्व में विकास को मिलेगी रफ्तार

**(बदलाव की नई शुरुआत, पंचमन संभालेंगे जिम्मेदारी — सेंथिल नाथ को शानदार और भावभीनी विदाई)**

आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड यूनिट महान में नेतृत्व परिवर्तन के तहत लिनु पंचमन को यूनिट हेड – हिंडालको महान एल्युमिनियम नियुक्त किया गया है। यह निर्णय संगठन को नई ऊर्जा देने और परिचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

लिनु पंचमन इससे पूर्व बिरला कॉपर में वर्टिकल हेड – प्रोडक्ट के पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने उत्पाद विकास और तकनीकी उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस, क्वालिटी और टेक्निकल सर्विसेज में दो दशक से अधिक का उनका अनुभव उन्हें एक सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करता है।

वर्ष 2005 में आदित्य बिड़ला समूह के बेलगाम यूनिट से अपने करियर की शुरुआत करने वाले पंचमन ने समय-समय पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन किया है। महान और आदित्य एल्युमिनियम के ग्रीनफील्ड स्मेल्टर प्रोजेक्ट्स में उनकी एंड-टू-एंड डिजाइन इंजीनियरिंग भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

केमिकल इंजीनियर होने के साथ-साथ प्रोडक्शन एवं मैटेरियल्स मैनेजमेंट में MBA धारक पंचमन ने ज्ञानोदय ALP स्टेप-अप लीडरशिप प्रोग्राम भी सफलतापूर्वक पूरा किया है। वर्ष 2015 में उन्हें चेयरमैन अवॉर्ड – डिस्टिंग्विश्ड अचीवर श्रेणी से सम्मानित किया जा चुका है।

नए यूनिट हेड के रूप में पंचमन को ऊर्जावान, तकनीकी रूप से सक्षम और परिणामोन्मुख नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। उनकी कार्यशैली में नवाचार, अनुशासन और टीम भावना का सशक्त समन्वय दिखाई देता है। उम्मीद की जा रही है कि उनके नेतृत्व में हिंडालको–महान परिचालन उत्कृष्टता, उत्पादन क्षमता और नवाचार के नए आयाम स्थापित करेगा। वहीं, पूर्व यूनिट हेड एस. सेंथिल नाथ को भव्य और भावभीनी विदाई दी गई। बिदाई कार्यक्रम मे क्लस्टर मानव संसाधन प्रमुख जसवीर सिंह, रेनूसागर इकाई प्रमुख आर. पी. सिंह, महान मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा,महान पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक, स्मेल्टर हेड एस.शशि कुमार, रेनुकूट मानव संसाधन प्रमुख अजय सिन्हा, मानव संसाधन प्रमुख रेनु सागर आशीष पाण्डेय के साथ साथ हिंडालको महान के अन्य शीर्ष अधिकारियो ने उनके कार्यशैली व नेतृत्व की सराहना करते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। एस. सेंथिलनाथ को अब कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई में हेड – अपस्ट्रीम ऑपरेशंस एंड टेक्निकल एक्सीलेंस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस भूमिका में वे एल्युमिनियम और कॉपर अपस्ट्रीम ऑपरेशंस—रिफाइनरी, स्मेल्टर और कॉपर रीसाइक्लिंग—का नेतृत्व करेंगे, साथ ही तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार को नई दिशा देंगे।विदाई समारोह में हिंडालको क्लस्टर के वरिष्ठ नेतृत्व, श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

सेंथिल नाथ का कार्यकाल अनुशासन, पारदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। उनके नेतृत्व में महान इकाई ने उच्च गुणवत्ता वाले मेटल ग्रेड्स के विकास, तकनीकी नवाचार और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने न केवल संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कार्य संस्कृति भी विकसित की, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा।

---

फरवरी 2025 में पेरोल समाप्ति के पश्चात से ही फरार चल रहे अपराधी को पुलिस ने पकड़ा

# 8 साल पुराने छेड़छाड़ एवं पास्को एक्ट में वांछित था आरोपी अमन चंसोरिया

**छतरपुर। माह फरवरी 2025 में पेरोल समाप्ति के पश्चात से ही फरार चल रहे अपराधी को लवकुशनगर में पकड़ा गया, 8 साल पुराने छेडछाड़ एवं पास्को एक्ट में बांछित था आरोपी अमन चंसोरिया। जबलपुर के हनुमान ताल थाना अंतर्गत बर्ष 2018 के छेड़छाड़ एवं पास्को एक्ट के मामले का अपराधी लवकुशनगर में पकड़ा गया है।**



वह लवकुशनगर का रहने वाला है और जबलपुर जेल में 5 साल की सजा काट रहा था। लेकिन माह फरवरी 2025 में पेरोल समाप्ति के पश्चात से ही वह फरार चल रहा था। जिस पर न्यायालय द्वारा आरोपी अमन चंसोरिया पिता राकेश चंसोरिया निवासी पुराना बस स्टैण्ड लवकुशनगर के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था और पुलिस द्वारा अपराधी की तलाश की जा रही थी इसी बीच पुलिस को सूचना मिली जिस पर लवकुशनगर पुलिस ने आरोपी अमन चंसोरिया को गिरफ्तार किया और विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एसपी ने घोषित किया ईनाम -

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 11 आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित किया है। जिनमें महाराजपुर थाना के हत्या के मामले में फरार आरोपी अशुंल पटेल, शिवम पटेल, राघवेन्द्र पटेल, निवासी मनकारी पर 5 हजार का ईनाम, सिविल लाईन थाने के धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी अरविंद्र तिवारी सनसिटी कॉलोनी पर 3 हजार का ईनाम, सिविल लाईन के ही धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी भूपेंद्र कुशवाहा निवासी टटम पर 3 हजार का ईनाम, बकस्वाहा के धोखाधडी के मामले में फरार आरोपी लाखन सिंह लोधी, पुष्पेन्द्र सिंह लोधी, धीरू दुबे, बैजनाथ दुबे, श्रीराम दुबे, सुन्नी लोधी, परम लाल लोधी, कल्लू रजक, निवासी मझगुवां बदन की गिरफ्तारी हेतु 3 हजार का ईनाम, बमीठा के एनडीपीएस एक्ट के आरोपी आनंद पटवा निवासी अलीपुरा पर 5 हजार का ईनाम बमीठा के ही चोरी के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 8 हजार का ईनाम, महिला थाना अंतर्गत रेप के मामले में आरोपी शिवाकांत अहिरवार निवासी पन्ना जिला की गिरफ्तारी पर 3 हजार का ईनाम घोषित किया गया है। इसके अलावा अभी हाल के मामलों में लवकुशनगर थाना के लूट के मामले में 5 हजार के ईनामी अयान खांन, बबलू कुशवाहा, राज बर्मा, महेन्द्र कुशवाहा, सटई थाना के दुष्कर्म के मामले में 3 हजार के ईनामी जीतेन्द्र रजक गौरिहार के 18 साल पुराने धोखाधडी के मामले में 8 हजार के ईनामी जीतेन्द्र अवस्थी और 31 बर्ष पुराने मारपीट के मामले में 10 हजार के ईनामी मुखिया अहिरवार तथा 25 साल पुराने अबैध शराब के मामले में 10 हजार के ईनामी कमलेश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही कोतवाली के 9 साल पुराने हत्या के मामले में 5 हजार के ईनामी कौशल कुमार पाठक थाना सिविल लाईन के चैंक बाउस के मामले मे 8 हजार के ईनामी ऋषिकेश अत्रे को गिरफ्तार किया गया है।

---

## हरपालपुर में अचानक बदला मौसम, ओलावृष्टि से लोग हैरान

**बारिश के साथ गिरे ओले, किसानों की चिंता बढ़ी**



छतरपुर।

**हरपालपुर क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 4 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश कुछ ही देर में ओलावृष्टि में बदल गई। करीब 10 से 15 मिनट तक चली इस बारिश के दौरान छोटे-बड़े ओले गिरे, जिससे सड़कों, छतों और खेतों में सफेदी छा गई।**

स्थानीय लोगों के अनुसार ओले महज 10 से 15 सेकंड तक गिरे, लेकिन इस अल्पकालिक ओलावृष्टि ने पूरे माहौल को बदल दिया। कई लोग बारिश और ओलों से बचने के लिए दौड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन से तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई, जिससे गर्मी से थोड़ी राहत अवश्य मिली, लेकिन किसानों के चेहरे पर चिंता साफ नजर आई।

खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। ओलावृष्टि से खासकर उन फसलों पर असर पडऩे की संभावना है जो इस समय पकने की कगार पर हैं। आमजन भी इस अचानक मौसम बदलाव से हैरान दिखे।

---

## रिटायर्ड आर्मी हवलदार को मिली धमकी



आजक्स थाने के बाहर उपद्रव, वीडियो वायरल

**छतरपुर** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत परापट्टी गांव में जमीन विवाद को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। रिटायर्ड आर्मी हवलदार रविंद्र मिश्रा को शिकायतकर्ताओं द्वारा धमकी देने का मामला सामने आया, जिसके चलते उन्हें करीब 3 घंटे तक अजाक्स थाने में कड़ी सुरक्षा में रखा गया।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2018 में रविंद्र मिश्रा ने करीब सवा तीन एकड़ जमीन रामदयाल अहिरवार से खरीदी थी। लेकिन बाद में जमीन के लेन-देन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि रामदयाल अहिरवार और उनके परिवार ने जमीन पर कब्जा करने की बात कही, जिससे विवाद बढ़ता चला गया।

मामले की शिकायत पहले ईशानगर थाना और आजक्स थाने में की गई थी। इसके बाद अजाक्स थाने में दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराने का प्रयास किया गया। प्रारंभ में दोनों पक्ष मान भी गए, लेकिन जैसे ही रिटायर्ड हवलदार को घर भेजने की कोशिश की गई, थाने के बाहर ही विवाद फिर भड़क उठा।

थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव के सामने ही रामदयाल अहिरवार, सुनील अहिरवार और उनके परिजनों ने हंगामा और गाली-गलौज शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ते देख थाना प्रभारी ने तुरंत नगर पुलिस अधीक्षक अरुण सोनी को सूचना दी।

सूचना मिलते ही सीएसपी के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस के पहुंचने से पहले ही उपद्रव कर रहे लोग वहां से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस सुरक्षा में रविंद्र मिश्रा को कोतवाली लाया गया, जहां उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 296(बी), 351(3) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे मामले ने और तूल पकड़ लिया है।

---

**रविवार को आईपीएल के दो मैच और प्रतिदिन शाम को एक मैच खेला जाता**

## आईपीएल मैच को लेकर शहर में चल रहा रोजाना लाखों का सट्टा का कारोबार

**शहर के विभिन्न थानों में पुलिसकर्मी लम्बे समय से जमे और उन्हें सट्टा के कारोबार के अड्डो और सटोरियों के संबंध में पूरी तरह से जानकारी रहती। जब भी पुलिस के अधिकारी खुफिया सूत्रों से जानकारी मिलने पर कार्यवाही करने की योजना बनाते, उसके पहले ही यही पुलिस कर्मी सटोरियों तक पुलिस कार्यवाही की जानकारी पहुंचा देते है।**

छतरपुर।




शहर में आईपीएल मैचों के दौरान सट्टा कारोबार लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, रोजाना लाखों रुपये का अवैध सट्टा खुलेआम संचालित हो रहा है, जिसमें कई स्थानों पर सक्रिय सटोरिये ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से लोगों को जोड़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मैच शुरू होते ही सट्टे का बाजार गर्म हो जाता है और हर गेंद, रन और विकेट पर दांव लगाए जा रहे हैं। इस अवैध कारोबार में युवाओं की बढ़ती भागीदारी भी चिंता का विषय बनती जा रही है।

इन दिनों आईपीएल मैच चल रहा है और आईपीएल मैच को लेकर छतरपुर में टीमों की हार जीत को लेकर सटट का बाजार गर्म नजर आ रहा है। शहर में एक दर्जन स्थानों पर आईपीएल मैच को लेकर सट्टा चल रहा है और करोड़ो के दाव लगाए जा रहे है। लेकिन इस विषय पर पुलिस पूरी तरह से बेखबर बनी हुई है जिससे कई परिवार सट्टे के इस लत में आकर वर्बाद भी हो रहें है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च से 31 मई 2026 तक आईपीएल मैच चल रहें है। जिसमें 13 स्थानों पर 10 टीमों के साथ 74 मैच खेले जाएंगे आईपीएल का पहला मैच 28 मार्च को बैगलोर हैदराबाद के बीच खेला गया और 31 मई 2026 को आईपीएल का फाईनल मैच खेला जाएगा। 18 साल से लगातार आईपीएल मैच चल रहा है और यह 19वां साल आईपीएल मैच का है। लेकिन जब से आईपीएल मैच शुरू हुआ है। तभी से छतरपुर में एक दर्जन स्थानों पर बड़े बड़े सटोरिएं आनलाईन मोबाईल के माध्यम से सट्टे का कारोबार चला रहे है। सटोरियों द्वारा लोगों को तरह तरह के प्रलोभन दिए जाते है इन प्रलोभनो में 100 रूपए में 110 क्वाइन दिए जाते है और इस लालच में आकर लोग अपनी गाढ़ी कमाई लगा रहे है। सबसे बड़ी आश्चर्यजनक बात यह है कि एक सप्ताह का समय बीत चुका है लेकिन पुलिस की नजर अभी तक सटोरियो पर नहीं पड़ी है। जबकि शहर के बस स्टैण्ड एरिया, चौबे कॉलोनी, गल्ला मंडी क्षेत्र, स्टेडियम, पन्ना नाका, नौगांव रोड़ ओरछा रोड़ थाना अंतर्गत, देरी रोड़ सहित कई स्थानों पर सट्टे का कारोबार चल रहा है। रविवार को आईपीएल में दो मैच और प्रतिदिन शाम को एक मैच खेला जाता है। और मैच शुरू होते ही छतरपुर में सटोरिए सक्रिय हो जाते है जब तक मैच फाईनल नही हो जाता। तब तक सट्टे की रकम बढ़ती ही जाती है और लालच में आकर सट्टा प्रेमी लाखों रूपए दाब में लगा देते है।

चूँकि शहर के विभिन्न थानों में कुछ ऐसे पुलिसकर्मी भी पदस्थ है जो लम्बे समय से एक स्थान पर है और उन्हें सट्टा के कारोबार के अड्डो और सटोरियों के संबंध में पूरी तरह से जानकारी भी है।लेकिन इन सटोरियों और सट्टो के अड्डों से ऐसे पुलिसकर्मियों को बड़ी रकम मिलती है जब भी पुलिस के अधिकारी खुफिया सूत्रों से जानकारी मिलने पर कार्यवाही करने की योजना बनाते है उसके पहले ही यहीं पुलिसकर्मी सटोरियों तक पुलिस कार्यवाही की जानकारी पहुंचा देते है। जिससे पुलिस को सट्टो के अड्डों से कुछ हाथ नहीं लगती है। यदि पुलिस को सट्टा के बड़े कारोबार को पकड़ कर इसमें संलग्र सफेद पोशो और धन्नासेठो के चेहरो को उजागर करना है तो ऐसे पुलिसकर्मियों को रेड की कार्यवाही से दूर रखा जाना चाहिए। तभी बड़े बड़े सटोरियों के चेहरे सामने आ जायेंगे।

---

## शासकीय भूमि पर माफियाओं का कब्जा बेदखली आदेश के बाद भी कार्रवाई ठप

**बरगवां तहसील के गडेरिया में आराजी नंबर 8 पर अवैध बाउंड्रीवाल, प्रशासनिक निष्क्रियता पर उठे सवाल**

**सिंगरौली।** जिले में शासकीय भूमि पर कब्जे का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला तहसील बरगवां अंतर्गत ग्राम गडेरिया की आराजी नंबर 8 से जुड़ा है, जहां एक चर्चित भू-माफिया द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है। खास बात यह है कि इस मामले में तहसीलदार बरगवां द्वारा अतिक्रमणकारी के खिलाफ बेदखली का आदेश जारी करते हुए 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया जा चुका है, इसके बावजूद आज तक न तो जमीन खाली कराई गई और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई सामने आई है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब प्रशासन स्वयं आदेश जारी कर चुका है, तो फिर उस पर अमल क्यों नहीं हो रहा। एसडीएम देवसर और तहसीलदार बरगवां की भूमिका को लेकर भी चर्चा तेज है।

आरोप लग रहे हैं कि कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता या मिलीभगत के कारण ही अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद हैं। जानकारी के अनुसार अतिक्रमणकारी ने इस कार्रवाई को रोकने के लिए न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे) लेने का प्रयास भी किया था, लेकिन उसे राहत नहीं मिल सकी। इसके बावजूद मौके पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह स्थिति प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े करती है।

अतिक्रमणकारी द्वारा भ्रम फैलाने की भी कोशिश की जा रही है। वह यह दावा कर रहा है कि गडेरिया की आराजी नंबर 8 शासकीय भूमि है, जबकि डगा की आराजी नंबर 2157 उसकी निजी भूमि है। इसी भ्रम का सहारा लेकर उसने शासकीय जमीन पर बाउंड्रीवाल खड़ी कर पूरी भूमि पर कब्जा जमा लिया है और अब जमीन की लोकेशन को लेकर गुमराह कर रहा है।

हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिस स्थान पर आराजी नंबर 8 स्थित है, उसके आसपास एक पेट्रोल पंप संचालित है, जो स्पष्ट रूप से गडेरिया में स्थित है। यदि अतिक्रमणकारी के दावे को सही माना जाए तो उक्त पेट्रोल पंप डगा में आना चाहिए, जो कि वास्तविक स्थिति से बिल्कुल विपरीत है। इससे साफ जाहिर होता है कि जमीन की पहचान को लेकर जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

### ब्लास्टिंग का असर पेट्रोल पंप पर

इतना ही नहीं, पेट्रोल पंप के ठीक पीछे एक स्टोन क्रेशर भी संचालित है, जहां नियमित रूप से ब्लास्टिंग की जाती है। इस ब्लास्टिंग का असर पेट्रोल पंप तक महसूस किया जा रहा है, जो एक गंभीर सुरक्षा जोखिम है। इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है। पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की पुष्टि हो चुकी है और बेदखली आदेश भी जारी है, तो आखिर कार्रवाई में देरी क्यों? क्या राजस्व विभाग पर किसी प्रकार का दबाव है या फिर यह सब मिलीभगत का नतीजा है? फिलहाल यह मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है।

---

## एसडीएम विशा माधवनी ने छात्राओं को दी प्रेरणाः पढ़ो, लिखो और आगे बढ़ो



मिड-डे मील की गुणवत्ता पर नाराजगी, समूह को जारी किया नोटिस

**राजनगर।** तहसील रहमजनगर के ग्राम घूरा स्थित शासकीय माध्यमिक एवं हाईस्कूल में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनगर की एसडीएम विशा माधवनी ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें पढ़ाई तथा संस्कारों पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी।

एसडीएम विशा माधवनी ने छात्राओं से क्लासरूम में सवाल-जवाब कर उनकी पढ़ाई का स्तर जाना। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा, पढ़ो, लिखो और आगे बढ़ो। अच्छी पढ़ाई और बेहतर संस्कारों के साथ भविष्य में कुछ बनकर अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करो। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्राओं को बाल विवाह से दूर रहने की सलाह भी दी।कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राओं द्वारा बनाई गई सुंदर पेंटिंग्स को भी देखा गया। एसडीएम ने बालिकाओं से सीसीसी वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। जब एक बालिका ने बताया कि उसने वैक्सीन लगवा ली है, तो एसडीएम विशा माधवनी ने प्रसन्न होकर उस किशोरी को इनाम स्वरूप गिफ्ट प्रदान किया। उन्होंने अन्य बालिकाओं को भी वैक्सीनेशन के फायदे बताए और सभी को आवश्यक रूप से वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद एसडीएम ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मिड-डे मील की व्यवस्था जांचने पर पाया गया कि मीनू समूह द्वारा छात्राओं को भोजन नहीं दिया गया था और खाने की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं थी। इस पर एसडीएम विशा माधवनी ने नाराजगी जताते हुए समूह को फटकार लगाई और तुरंत नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

---



## जिज्ञासु बनें दिमाग में आने वाले हर प्रश्न पूछे और उनके जवाब खोजेंः कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने 4 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत ढड़ारी के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों की कक्षा ली और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी दिनचर्या का नियमित शेड्यूल बनाएं और जिस क्षेत्र में आगे बढना चाहते हैं, उसकी पूरी जानकारी रखें। उन्होंने बच्चों को जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की शंका होने पर अपने शिक्षकों से प्रश्न अवश्य पूछें, ताकि सीखने की प्रक्रिया बेहतर हो सके।

कक्षा के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में भी पूछा। विद्यार्थियों ने डॉक्टर, आईएएस, पुलिस, पेंटर, बिजनेसमैन और आर्मी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की इच्छा व्यक्त की। इस पर कलेक्टर ने बच्चों को चार महत्वपूर्ण बातों—क्या बनना है, कब बनना है, कैसे बनना है और क्यों बनना है—का महत्व समझाया और बताया कि ये चारों पहलू जीवन और करियर निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि कक्षा 12वीं तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूरी बनाकर रखें। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कुछ प्रश्न भी पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक और सार्थक उत्तर दिया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कॉपियां भी भेंट कीं। कलेक्टर श्री जैसवाल ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत सभी अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया है, जिससे वे अपने लक्ष्य के प्रति अधिक सजग हो सकें।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस वर्ष कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहे हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का संकेत है।

---

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में आज दिनांक 04 अप्रैल 2026 को डिपार्टमेंट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भवन निर्माण में आटोकेड सोफ्टवेयर के द्वारा वास्तुशास्त्र संबंधी जानकारी से अवगत कराना रहा। इसके साथ ही आधुनिक तकनीक का उपयोग भवन निर्माण में कैसे करते हैं की जानकारी को पीपीटी के माध्यम से बताना रहा। कार्यशाला में देवेंद्र राजपूत, आर्किटेक्ट ओरिजिनिक्स इंस्टीट्यूट, भोपाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारम्भ सिविल इंजीनियरिंग के जनक सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य वक्ता श्री राजपूत ने अपने व्याख्यान में आधुनिक बिल्डिंग



डिजाइन, नवीनतम सॉफ्टवेयर जैसे ऑटोकैड, रेविट एवं स्टैड प्रो के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों को सिविल इंजीनियरिंग में किस प्रकार समाहित किया जा सकता है, इस पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने उदाहरण के रूप में बताया कि किस प्रकार ऑटोकेड के माध्यम से वास्तु सिद्धांतों के अनुसार हाउस प्लान तैयार किया जा सकता है, जिसमें दिशाओं के अनुसार कमरों का उचित स्थान निर्धारित किया जाता है, जिससे भवन में सकारात्मक ऊर्जा एवं संतुलन बना रहता है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अमित जैन एवं कुल सचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नई-नई स्किल्स सीखने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे भविष्य में बड़ी कंपनियों में बेहतर प्लेसमेंट प्राप्त कर सकें। साथ ही बताया की वर्तमान समय में भवन निर्माण के समय वास्तु शास्त्र का उपयोग हर संभव सभी करने लगे हैं।

कार्यक्रम के संयोजक आदित्य लखेरा सहायक प्राध्यापक ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए छात्रों को ऑटोकैड, रेविट, स्टैड प्रो आदि महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर की जानकारी दी। वहीं कार्यशाला के समापन पर रामअवतार अहिरवार सहायक प्राध्यापक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम एवं विश्वविद्यालय प्रशासन ने मार्गदर्शन देते हुए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं लगातार होते रहना चाहिए जिससे छात्र-छात्राओं को सीखने समझने की जिज्ञासा बढ़ेगी।

**खबर संक्षेप**

## खाद वितरण में लापरवाही पर 20 विक्रेताओं को नोटिस और 7 के लाइसेंस निलंबित

**रीवा** । रीवा और मऊगंज जिले में खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए लागू की गई ई-विकास प्रणाली के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की गई है । एक अप्रैल से खाद का शत-प्रतिशत वितरण अनिवार्य रूप से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाना था, लेकिन शुरुआती तीन दिनों में ही कई विक्रेताओं द्वारा नियमों की अनदेखी कर बिना ई विकास प्रणाली के खाद का विक्रय किया। आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा के बाद उपसंचालक कृषि यू. पी. बागरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनगवां, हनुमना, हुजूर, सेमरिया और मऊगंज के 7 खुदरा खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। निलंबन की इस कार्रवाई के दायरे में मेसर्स राम गोपाल गुप्ता मनगवां, मेसर्स साध्वी बीज भण्डार हनुमना, मेसर्स सीताराम गुप्ता हुजूर, मेसर्स सुरेन्द्र कुमार गुप्ता सेमरिया, मेसर्स इन्द्रलाल गुप्ता गढ़, मेसर्स पवन खाद बीज भंडार हुजूर और मेसर्स जीतेन्द्र कुमार गुप्ता देवतालाब शामिल हैं । निलंबन अवधि के दौरान इन दुकानों पर खाद के किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है, साथ ही 20 अन्य विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिन 20 खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया है उनमें मेसर्स सिद्धिविनायक मऊगंज, जितेंद्र कुमार गुप्ता नईगढ़ी, प्रेमलाल गुप्ता मऊगंज, कुशलभान कुशवाहा मऊगंज, सिंह बीज भंडार त्योंथर, सादवी बीज भंडार हनुमना, दशरथ लाल गुप्ता रायपुर कर्चुलियान, आर्य भार्गव ट्रेडर्स मनगवां, प्रतिभा गुप्ता हनुमना और ओम फर्टिलाइजर मनगवां सहित 10 अन्य विक्रेता शामिल हैं। उप संचालक ने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी विक्रेता केवल ई-विकास प्रणाली का पालन करें और किसानों से भी अपील की गई है कि वे टोकन बुक करने के बाद ही खाद खरीदें ताकि उन्हें सुगम और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध हो सके।

# चार साल में सिर्फ 1200 घरों तक पहुंची गैस पाइप लाइन

कैसे पूरा होगा टारगेट 18 साल में पूरे जिले में करनी है पाइप से सप्लाईआईओसीएल प्रोजेक्ट की धीमी पड़ी रफ्तार, नहीं लगा नया डीआरएस

रीवा।



पाइप्ड नेचुरल गैस को घर घर तक पहुंचाने का सपना दिखाया गया था। वह फीका पड़ता जा रहा। 4 सालों में आईओसीएल ने सिर्फ 1200 घरों को ही कवर किया। सिर्फ 4 साल और प्रोजेक्ट को शेष है। इन चार सालों में पूरे रीवा शहर के साथ ही तहसीलों को भी कवर करना है। गैस पाइप लाइन पहुंचाने का काम ठप पड़ गया है। प्रोजेक्ट रंग रहा है। इसके चार सालों में पूरा होने की उम्मीद कम है। आपको बता दें कि अनूपपुर से गैस पाइप लाइन मनगवां होते हुए यूपी तक निकाली गई है। अनूपपुर में नेचुरल गैस का प्रचुर भंडार मिला। रीवा से होकर पाइप लाइन गुजरी तो विध्य को भी इससे जोडने का प्रोजेक्ट शुरू किया गया। रीवा तक मनगवां से पाइप लाइन भी खींची गई। इसे आगे सतना मैहर और सीधी तक ले जाना था। चार साल पहले यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ। पेट्रोलियम मंत्रालय से प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिली। रीवा में काम की जिम्मेदारी आईओसीएल को मिली। आईओसीएल ने काम तो शुरू किय लेकिन अब रफ्तार धीमी हो गई है। रतहरा से चोरहटा तक मुख्य पाइप लाइन डाली गई है। इससे मुख्य पाइप लाइन से दोनों तरफ कालोनियों और वार्डों तक पाइप लाइन से घरों तक गैस पहुंचानी थी। यह प्रोजेक्ट कुछ वार्डों में ही पहुंच कर ठप पड़ गया है। अब रफ्तार धीमी पड़ गई है। लोग आस लगाए बैठे हैं कि कब तक उनके घरों में गैस पाइप लाइन पहुंचेगी लेकिन प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ रहा है। बता दे रीवा में आईओसीएल को पीएनजी की पाइप लाइन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों यानि तहसीलों तक ले जाने का कान्टेक्ट मिला है। गैस एवं पेट्रोलियम मंत्रालय से ही वर्किंग प्लान जारी होता है। रीवा में आईओसीएल को 8 साल में पूरे जिला को कवर करना है। चार साल का समय बीत चुका है। इसमें कुछ ही वार्ड रीवा के कवर हो पाए है। तहसीला तक पाइप लाइन पहुंची ही नहीं है। इतना ही नहीं पाइप लाइन रीवा से आगे भी नहीं बढ़ पाई है। यह पूरा प्रोजेक्ट 11 अलग अलग जोन में बंटा हुआ है। इसी के तहत काम करना है।डीआरएस लगाने में कंपनी कर रही लापरवाहीपीएनजी प्रोजेक्ट में डीआरएस का विशेष महत्व है। डीआरएस लगने के बाद 2 हजार घरों को कवर किया जाता है। वर्तमान समय में रीवा में सिर्फ एक ही डीआरएस लगा हुआ है। इसके कारण कनेक्शन का दायरा आईओसीएल चाह कर भी नहीं रूका पड़ा है। एक डीआरएस के तहत ही तय लक्ष्य के हिसाब से काम चल रहा है। अभी तक रीवा में सिर्फ 1200 कनेक्शन ही दिए जा सके है।एलपीजी की तुलना में सस्ता पड़ता है पीएनजीकरीब 50 से अधिक एजेंसियां हैं। वहीं रीवा जिला में एलपीजी सप्लाई की कनेक्शन लाखों में है। एक घरेलू सिलेंडर करीब 880 रुपए का पड़ता है। वहीं पीएनजी की बात करें तो यह एलपीजी के मुकाबले थोड़ा सस्ता पड़ता है। इसके अलावा गैस रिफिलिंग के लिए भटकना नहीं पड़ता कोई नंबर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि रीका के उपभोक्ता भारी भरकम दिल से परेशान हैं। 50 रुपए प्रति यूनिट के रेट से ही गैस मिल रही है लेकिन अतिरिक्त चार्ज जुड़ कर यह लोगों के जेब पर भारी पड़ जाती है।क्या है डीआरएसडीआरएस का फूल फार्म डिस्ट्रिक्ट रेग्युलेटिंग स्टेशन है। यह हाई प्रेशर गैस को लोअर यूजेबल प्रेशर में घरों तक पहुंचता है। इसके मुख्य उपकरणों में पृथक्करण और दाद विनियम वाल्व दुषित पदार्थों को हटाने के लिए फिल्टर, सुरक्षा वाल्व और मापन प्रणालियां शामिल होती हैं। आईओसीएल के जिला प्रभारी अधिकारी अनुपम वर्मा ने बताया कि 8 साल में पूरे जिले को कवर करना है। इसमें कुछ तहसीलें भी शामिल है। अभी सिर्फ एक डीआरएस है। कनेक्शन बढ़ाने के लिए डीआरएम डालना पड़ता है। इसकी स्वीकृति ऊपर से आती है। टेंडर होता है। टेंडर लेने वाली कंपनियां ही काम करती है। वर्तमान समय में 1200 कनेक्शन से अधिक कनेक्शन रीवा शहर में दिए जा चुके हैं।

# हेमू कालानी चौक पर धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**रीवा।** विश्व हिंदू परिषद ,नगर विजयादशमी उत्सव समिति ,एवं सिंधु यूथ विंग के संयुक्त तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया इस शुभ अवसर पर शहर के मध्य हेमू कलाणी चौक स्वागत भवन के सामने हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का सामूहिक पाठ किया गया साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया कलाकारों द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत की गई जिसमें श्रोता झूमते रहे भजन संध्या के साथ प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है साथ ही हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकाली गई यात्रा का भी आरती कर स्वागत किया गया। साथ ही हजारों लोगों ने भजन संध्या का आनंद लिया एवं भंडारा प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता , सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, वेंकटेश पाण्डेय , प्रहलाद सिंह , संतुलाल आहूजा, सियाराम गुप्ता, संजीव मेहरोत्रा,प्रभात दीक्षित गुड्डू, अमित डिगवानी,प्रमोद दीक्षित (छोटू ),कन्हैया लाल मंगलानी, अतुल जैन ,दिव्यांशु गौतम, पप्पू मंजानी महेश थारवानी,सचिन डूडानी, शरद साहू ,राजेश सिंह ,आनंदमूर्ति जी, हरीश ढींगरा, रिचा मिश्रा, जलसा, चंदू खुशलानी, अखिलेश शुक्ला , रमेश सचदेवा महेश कोटवानी अजय माधवानी, जयराम गंगवानी, लक्ष्मण शिवनानी, दक्ष चुगवानी, अंकुर बहेत्रा, अनिल थारवानी सहित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे,समिति के अध्यक्ष प्रकाश तारानी ने सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# जिले में बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें



**रीवा।** रबी फसल की उपज गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि किसानों के खेतों में कटी रखी है तो कई खेतों में अभी भी फसल कटना बाकी है, ऐसे में शुक्रवार सुबह आसमान पर मंडराते काले बादल दोपहर को अचानक बरस पड़े, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई देने लगी, पूरे सीजन की मेहनत पर पानी न फिर जाए यही सोच किसान ताबड़तोड़ अपने खेतों में रखी कटी फसल से उपज, भूसा आदि निकालने में जुट गए हैं, वहीं जिन किसानों ने अभी फसलें नहीं काटी वे भी फसलों की कटाई में लग गए। पिछले कुछ सालों से फसल पकने के दौरान ही कभी बारिश तो कभी अल्पवर्षा के चलते किसानों को नुकसानी झेलना पड़ रही है। खरीफ फसल पकने के दौरान भी फसल पकते ही अचानक बारिश हो गई, यही स्थिति रबी सीजन में भी देखने को मिल रही है, हालाकि शहर में बारिश अधिक नहीं हुई, किन्तु कहीं-कहीं तेज बारिश होने के समाचार प्राप्त हुए हैं। किसान पक चुकी फसल बारिश में खराब होने के डर से बचाने में जुटे हुए हैं।हल्की बारिश में ही काट दी जाती है सप्लाईजवा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की बदहाल स्थिति से किसान इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। हालात यह है कि हल्की सी बारिश या मौसम में मामूली बदलाव होते ही बिजली विभाग द्वारा तत्काल लाइन काट दी जाती है, जिससे खेतों की सिंचाई और अन्य आवश्यक कार्य पूरी तरह ठप हो जाते हैं। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि एक ओर शासन द्वारा बिजली व्यवस्था के मेंटेनेंस के नाम पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आती है। बिजली आपूर्ति की यह अनिश्चितता किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। किसानों का कहना है कि जब भी बिजली कटौती को लेकर विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है, तो हर बार 'फाल्ट' का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। इससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि बिना पूर्व सूचना के बार-बार बिजली बंद किए जाने से, किसने की नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और बिना कारण होने वाली कटौती पर रोक लगाई जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर किसानों और आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# कमल खिलाने के साथ हुई विकास के नए युग की शुरुआत : राजेंद्र शुक्ल

## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उप मुख्यमंत्री






**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडलों में 24 घंटे का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है,शनिवार को रीवा विधानसभा के दीनदयाल मंडल कुशाभाऊ ठाकरे अटल मंडल एवं रीवा ग्रामीण मंडल के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ दीनदयाल मंडल के प्रशिक्षण महाअभियांन का शुभारंभ ग्रीनलैंड में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने करते हुए कहा कि आज हमारी सरकार ने वह काम किया है जिनको लोग असंभव मानते थे हमने बिजली मंत्री रहते हुए पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने की विधानसभा में घोषणा की तो विरोधी दल के लोग उछल पड़े थे और कह रहे थे कि असंभव है हमने उसे पूरा करके दिखाया आज प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में एक शक्तिशाली वैभवशाली और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है 03 में प्रदेश की जनता ने बंटाधार युग को समाप्त करने के लिए हमारी सरकार को चुना था तभी से प्रदेश में विकास के नए युग की शुरुआत हुई हमने विकास के साथ जन सरोकारों को भी पूरा करने का काम किया है कांग्रेस ने पूरे प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था और विंध्य को सबसे पिछड़ा क्षेत्र के रूप में पहचान जाता था हमने सड़क बिजली पानी चिकित्सा शिक्षा हर क्षेत्र में अद्भुत पूर्व काम किया हैहम सत्ता के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा के तौर पर जाने जाते हैं। आज हर क्षेत्रमें प्रदेश विकास की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। आज रीवा से हवाई जहाज उड़ान भर रहे है और आने वाले दिनों में विंध्य क्षेत्र हिंदुस्तान के सबसे तेज विकसित होने वाले क्षेत्र में पहचाना जाएगा,सत्र की अध्यक्षता रमेश कुशवाहा ने किया स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने कियामंडल प्रशिक्षण का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्राजलन वंदे मातरम गीत से किया गया प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं क्रो भाजपा की विचारधारा कार्य पद्धति इतिहास मन की बात बूथ प्रबंधन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया दीनदयाल मंडल में 244 अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिन्होंने अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और शुल्क जमा करने का के साथ प्रशिक्षण में रात विश्राम किया।, वहीं प्रशिक्षण अभियान को सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नंदिता पाठक रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता राजेंद्र ताम्रकार योगेंद्र शुक्ला ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से संबोधित किया प्रशिक्षण महाभियां में श्रीमती विमलेश मिश्रा मनीष पाठक वरिष्ठ नेता रामनारायण मिश्र अमरेश पांडे संतोष शुक्ला श्रीमती शासकिरण मिश्रा दीनानाथ वर्मा कृष्ण प्रिया महेंद्र तिवारी उषा शर्मा कमल सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 5 और 6 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्र राजेंद्र शुक्ल 5 और 6 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे रीवा से अतरैला के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे अतरैला में इंटेकवेल टीपी का निरीक्षण करेंगे तथा जवा और गंगेव विकासखंड में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे जवा पहुंचकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर महाविद्यालय जवा के रजत जयंती एवं नवनिर्मित शिक्षा भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 5 बजे जवा से हिनौती गौधाम के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 6 बजे श्री रामचरितमानस पाठ में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम हिनौती गौधाम में करेंगे। उप मुख्यमंत्री 6 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे हिनौती गौधाम से मऊगंज के लिए प्रस्थान करेंगे और सुबह 11 बजे मऊगंज में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री इसके बाद मऊगंज से हिनौती गौधाम पहुंचकर दोपहर 2 बजे हिनौती गौधाम के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री हिनौती गौधाम से प्रस्थान कर रीवा आएंगे और शाम 4 बजे जिला न्यायालय परिसर में पेयजल समस्या के समाधान के लिए विधायक निधि से 9 लाख 20 हजार रुपए के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री इसके बाद शाम 5 बजे पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित लोक निर्माण विभाग के संयुक्त कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। इस भवन का निर्माण बोदाबाग करहिया रोड में किया गया है।

# रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने विकसित की स्मार्ट

**रीवा।** रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने एक अभिनव स्मार्ट व्हीलचेयर का सफलतापूर्वक निर्माण किया है, जो दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को अधिक सहज और स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.पी तिवारी,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ संदीप पाण्डेय , तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष आर कुमरे , एवं प्रो. अनन्त श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया।



इस नवाचार में छात्र आस्था गौतम, अभिनव मिश्रा, आकाश सिंह, पियूष साहू, शुभम त्रिपाठी, श्रेया द्विवेदी, नैन्सी सिंह, दीपिका त्रिपाठी सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। यह स्मार्ट व्हीलचेयर आधुनिक तकनीकों से लैस है, जिसमें मेडिकल मेजरिंग डिवाइस , ब्लड प्रेशर , एसपीओ2, तापमान ,वॉयस कंट्रोल, ऑटोमैटिक नेविगेशन, और बाधा पहचान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह व्हीलचेयर उपयोगकर्ता को बिना किसी सहायक के आसानी से संचालित करने में सक्षम बनाती है, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता में वृद्धि होती है। प्राचार्य डॉ. आर. पी. तिवारी ने इस उपलब्धि पर छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार न केवल तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी सहायक होते हैं। डीन डॉ. संदीप पांडेय ने इसे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। विभागाध्यक्ष प्रो जी. आर. कुमरे ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भविष्य में और उन्नत रूप लेकर बड़े स्तर पर उपयोगी साबित हो सकता है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के छात्रों की नवाचार क्षमता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है तथा यह समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है।

# महुआ बिनने गए भाई-बहन पर गिरी आकाशीय बिजली

### मौके पर दोनों की दर्दनाक मौतसेमरिया थाना क्षेत्र के डोडी जंगल में हादसा, 30 अप्रैल को होनी थी बहन की शादी



**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां आकाशीय बिजली गिरने से भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों सुबह घर से जंगल महुआ बिनने के लिए निकले थे, लेकिन अचानक बदले मौसम ने उनकी जिंदगी छीन ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदिहा निवासी दादू कोल का पुत्र राजन कोल और पुत्री सविता कोल शनिवार सुबह गांव के समीप स्थित डोडी जंगल में महुआ बिनने गए हुए थे। बताया जा रहा है कि दोनों रोज की तरह सुबह महुआ एकत्र करने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, बारिश के बीच अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के समय आसपास मौजूद अन्य ग्रामीणों ने जब यह मंजर देखा तो हड़कंप मच गया। तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सेमरिया थाना पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण आकाशीय बिजली गिरना ही बताया जा रहा है।इस हृदयविदारक घटना से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सविता कोल की शादी इसी माह 30 अप्रैल को तय थी। घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं और खुशियों का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने सब कुछ छीन लिया। शादी की तैयारियां मातम में बदल गईं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## खटखरी बाजार में अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



**मऊगंज।** जिले के खटखरी बाजार में लंबे समय से लग रहे भीषण जाम और अतिक्रमण की समस्या को लेकर प्रशासन ने आज सख्त कार्रवाई की। कई दिनों से स्थानीय स्तर पर जाम की खबरें सामने आ रही थीं, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया।आज एसडीएम, तहसीलदार और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तथाकथित ₹जर्जर बिल्डिंग₹ को ध्वस्त किया गया। यह निर्माण सर्विस रोड पर अतिक्रमण कर बनाया गया था, जिसके कारण सड़क संकरी हो गई थी और लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष और नियमों के तहत की जा रही है तथा किसी भी प्रकार के दबाव में आकर कोई कार्य नहीं किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई के बाद सर्विस रोड को पूरी तरह चालू किया जाएगा, जिससे खटखरी बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सकेगी। कलेक्टर संजय कुमार जैन को जाम की गंभीर स्थिति से लगातार अवगत कराया जा रहा था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और यह बड़ी कार्रवाई की गई।प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा, ताकि बाजार क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया जा सके और आम जनता को राहत मिल सके

# हनुमना पुलिस ने चोरी करने वाले चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** जिले के हनुमना थाना पुलिस स्टाफ ने थाना अन्तर्गत हुई चोरी का खुलासा करते हुए घर मे घुसकर चोरी करने वाले आरोपी राजबहोर साकेत उर्फ विवेक साकेत उर्फ सोनू , अजय कुमार साकेत , सुभाष उर्फ विजय साकेत उर्फ सिस्टम, श्यामशंकर उर्फ संखू साकेत तथा राजबहोर उर्फ टकला साकेत को गिरफ्तार किया गया है । घटना के बारे मे बताया गया कि दिनांक 24.03.2026 को फरियादिया रानी यादव पति रामधनी यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम बसौडी थाना हनुमना जिला मऊगंज का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि मै दिनांक 24/03/2026 को समय करीबन 09.00 बजे दिन मै अपना खेत काटने चली गयी व मेरे पति मवेशियो को लेकर चराने के लिए चले गये थे । घर मे ताला बन्द था , समय करीबन 11.00 बजे दिन घर आयी तो देखी कि मेरे घर का ताला टूटा था ,घर के अन्दर जाकर देखी तो अटैची मे रखा पायल ,सोने की लाकेट व घर बनवाने के लिए 40,000/- रूपये नगदी नही थे ,अटैची का भी ताला टूटा था। फिर मै अपने पति रामधनी यादव को बतायी और हमलोग मिलकर आस पास पता तलाश किये जिसका कोई पता नही चला । मुझे शंका है कि मेरे घर मे ग्राम मुरैठा का सोनू साकेत पिता सूरत साकेत निवासी मुरैठा का चोरी किया होगा ।रिपोर्ट करती हूँ कार्यवाही की जाय। रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना मामले के संदेही सोनू साकेत पिता सूरत साकेत निवासी मुरैठा की पता तलास की गयी जो दस्तयाब हुआ जिससे पूछताछ की गयी जो अपने बताया कि मै अपने साथी अजय कुमार साकेत पिता बुद्धसेन साकेत उम्र 19 साल , सुभाष उर्फ विजय साकेत उर्फ सिस्टम साकेत पिता बुद्धसेन साकेत उम्र 20 साल , श्यामशंकर उर्फ शंखू साकेत पिता जमूना प्रसाद साकेत उम्र 19 साल सभी निवासी ग्राम मुरैठा थाना हनुमना , राजबहोर साकेत उर्फ टकला पिता कंताली साकेत उम्र 19 साल निवासी कैछुआ थाना नईगढ़ी हाल ग्राम मुरैठा थाना हनुमना के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया बाद राजबहोर साकेत उर्फ सोनू साकेत उर्फ विवेक पिता सूरत साकेत निवासी मुरैठा थाना हनुमना को दिनांक 02.04.2026 को गिरफ्तार कर जे.आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा अन्य आरोपीयो की पता तलास की जो दिनांक 03.04.2026 को गिरफ्तार कर जे.आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है तथा चोरी गये मशरूका सोने की लाकिट, एक जोड़ी चादी की पायल , तथा नगदी बरामद किया गया है । इस कारवाई मे निरी. अनिल काकड़े , प्र.आर. अभिषेक मिश्रा , प्र.आर. विकास पाण्डेय , प्र.आर. राजेन्द्र सिह , प्र.आर. अतुल तिवारी , आर. मुकेश यादव , आर.विवेकानन्द यादव, आर. सूरज तिवारी , आर. देवेश प्रताप सिह , आर. मनीष पाण्डेय, थाना हनुमना , आर. नितिन शुक्ला , आर. भावेश साइबर सेल मउगंज की सराहनीय भुमिका रही ।